बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी

पत्रांक : बु0वि0/परीक्षा/2019/1729 दिनांक :26/04/2019

सूचना

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय/विश्वविद्यालय परिसर की सत्र 2018–19 की परास्नातक एवं स्नातक की छूटी हुई मौखिकी परीक्षा निम्नांकित कार्यक्रमानुसार माननीय कुलपति जी के आदेशानुसार अन्तिम बार आयोजित करायी जा रही है।

मौखिकी परीक्षा कार्यक्रम

क0	दिनांक	परीक्षा एवं विषय	मौखिक परीक्षा केन्द्र
1	09/05/2019	एम0ए0 उत्तरार्द्ध (अर्थशास्त्र)	बैंकिंग अर्थशास्त्र विभाग, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, परिसर, झाँसी
2		एम0कॉम0 उत्तरार्द्ध	बैंकिंग अर्थशास्त्र विभाग, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, परिसर, झाँसी
3		एम0ए0 उत्तरार्द्ध (अंग्रेजी)	भाषा संस्थान, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, परिसर, झाँसी
4		एम0ए0 उत्तरार्द्ध (समाजशास्त्र)	समाज कार्य विभाग, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, परिसर, झाँसी
5		एम0ए0 उत्तरार्द्ध (राज0विज्ञान)	कृषि संस्थान, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, परिसर, झाँसी
6		एम0ए0 उत्तरार्द्ध (इतिहास)	कृषि संस्थान, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, परिसर, झाँसी
7		एम0ए0 उत्तरार्द्ध (संस्कृत)	हिन्दी विभाग, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, परिसर, झाँसी
8		एम0ए0 उत्तरार्द्ध (हिन्दी)	हिन्दी विभाग, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, परिसर, झाँसी
9		एम0ए0 उत्तरार्द्ध (उर्दू)	कृषि संस्थान, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, परिसर, झाँसी
10		एम0ए0 उत्तरार्द्ध (शिक्षाशास्त्र)	शिक्षा संस्थान, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, परिसर, झाँसी
11		बी0ए0 भाग–1,2,3(शिक्षाशास्त्र–व्यक्तिगत एवं संस्थागत)	शिक्षा संस्थान, बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, परिसर, झाँसी

नोट– 1. **छूटी मौखिकी परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु सम्बन्धित परीक्षार्थी को अर्थदण्ड के रूप में रू.500/–(रूपये पॉच सौ) मात्र विश्वविद्यालय के कैश काउण्टर किसी भी कार्य दिवस में जमा कर परीक्षा में सम्मिलित हो सकता है।**

2. **अभ्यर्थी अपने साथ मुख्य परीक्षा का प्रवेश पत्र साथ लेकर आयें। छूटी हुई मौखिकी परीक्षा में सम्मिलित होने का अंतिम अवसर है। इसके उपरान्त किसी भी छात्र/छात्रा की मौखिकी परीक्षा किसी भी दशा में पुनः आयोजित नहीं करायी जायेगी।**

कार्य0कुलसचिव

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झांसी

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सम्पादक, झांसी/कानपुर संस्करण, दैनिक जागरण/अमर उजाला/दैनिक भास्कर/दैनिक आज/ दैनिक स्वदेश/ हिन्दुस्तान/ डी0एल0ए0/जन जन जागरण को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि कृपया अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में उक्त सूचना जनहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
2. समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यो को सूचनार्थ एवं इस आशय से प्रेषित कि उक्त सूचना को छात्रहित में स्थानीय समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें एवं महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर चष्पा करें। यदि किसी परीक्षार्थी की मौखिकी परीक्षा छूटती है तो समस्त उत्तरदायित्व महाविद्यालय के प्राचार्य का होगा।
3. मौखिकी परीक्षा के लिये निर्धारित केन्द्रों के विभागाध्यक्ष/केन्द्राध्यक्ष को इस आशय से प्रेषित कि उक्त परीक्षा सम्पन्न कराने हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित कराने का कष्ट करें एवं अभ्यर्थी को उनकी मुख्य परीक्षा के प्रवेश पत्र देखकर ही परीक्षा में सम्मिलित करायें।
4. वित्त अधिकारी महोदय को इस आशय से प्रेषित कि विश्वविद्यालय कार्य दिवसों में कैश काउण्टर पर अर्थदण्ड शुल्क जमा कराने हेतु व्यवस्था करने का कष्ट करें।
5. डॉ0 दीपक तोमर, सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति विश्वविद्यालय की वेबसाईट एवं समस्त कॉलेज लॉगइन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
6. सहायक कुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/अतिगोपनीय।
7. कुलपति के निजी सचिव को माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
8. कुलसचिव के आशुलिपिक।

कार्य0कुलसचिव